>

Title: Need to ensure regular supply of domestic LPG in Punjab.

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): महोदय, मैं आपके माध्यम से संसद का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र श्री आनंदपुर साहिब में घरेलू गैस की भारी किल्लत की तरफ लेकर जाना चाहता हूं।

महोदय, मेरे क्षेत्र में जिला रूप नगर, शहीद भगत सिंह नगर और मोहाली में ज्यादातर गैस एजेंसीज़ एचपीसीएल की हैं और एचपीसीएल का बोटलिंग प्लांट साथ ही में जिला होशियापुर के मन्डायला में होने के बावजूद इन गैस एजेंसीज़ को कस्टमर होल्डिंग के हिसाब से सिर्फ 50-55 प्रतिश की आपूर्ति की जा रही है। जिससे लोगों को घरेलू गैस की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें कई-कई दिन गैस सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि लोग तंग आ कर धरने प्रदर्शन व सड़कें जाम करने लगे हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय तेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि वे इस बात की जांच करवाएं कि जब दूसरी तेल कम्पनियां बीपीसीएल और इंडियन आयल अपने डीलर के कस्टमर होल्डिंग के हिसाब से 80-90 प्रतिशत तक घरेलू गैस की आपूर्ति कर रही हैं, तो फिर एचपीसीएल क्यों नहीं कर पा रही है।